# कार्यालय : सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)

पत्रांकः उ0वि0शि0प0/वि0प0/ए0आ0आ0वि0प्र0प02025/01-06/2025–26 दिनांक 17 अप्रैल 2025

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कालसी/मेहरवाना/बाजपुर/खटीमा प्रवेश परीक्षा (कक्षा–06) 2025

**विज्ञप्ति**

इस कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति उ0वि0श0प0/वि0प0/ए0आ0आ0वि0प्र0प02025/58–65/ 2024–25 दिनांक 24 जनवरी, 2025 के क्रम में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कालसी/मेहरवाना/बाजपुर/खटीमा प्रवेश परीक्षा (कक्षा–06) 2025–26 में कक्षा 06 में प्रवेश हेतु आवेदन करने वाले समस्त छात्र/छात्राओं को अवगत कराना है कि उनके प्रवेश पत्र डाक से उनके आवेदन पत्र में अंकित पते पर प्रेषित किये जा चुके हैं। प्रवेश परीक्षा दिनांक 30 अप्रैल 2025 (बुधवार) को प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक सम्पन्न करायी जानी प्रस्तावित है। आवेदन पत्र में अंकित सूचना के आधार पर आवेदकों को औपबंधिक रूप से परीक्षा में सम्मिलित किया जा रहा है, प्रवेश परीक्षा में सफल होने पर अभ्यर्थन की जांच प्रवेश के समय सम्बन्धित ए0आ0आ0विद्यालय के प्राचार्य द्वारा की जायेगी एवं तदनुसार अभ्यर्थन सही पाये जाने पर ही प्रवेश की कार्यवाही की जायेगी। अन्यथा चयन स्वतः निरस्त माना जायेगा। जिन छात्र/छात्राओं के प्रवेश पत्र ससमय प्राप्त नहीं होते हैं वे उन्हें आवंटित परीक्षा केन्द्र से दिनांक 29 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 प्रातः 09:00 बजे तक अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं। इस हेतु अपने साथ अपना एक पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ भी साथ ले जायें। आवेदकों को आवंटित परीक्षा केन्द्रों की सूची परिषद् की वेबसाइट www.ubse.uk.gov.in में DEPARTMENTAL EXAM के कॉर्नर वाले आइकॉन पर उपलब्ध है।

निर्धारित अर्हता (यथा आयु कम अथवा अधिक होने आदि) पूर्ण न करने के कारण जिन छात्र/छात्राओं के आवेदन पत्र निरस्त किये गये हैं उनकी सूची भी उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है।

17/4/2025

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

---

पृ0स0 : उ0वि0शि0प0/वि0प0/ए0आ0आ0वि0प्र0प02025/ /2025–26 दिनांक उक्तवत।

प्रतिलिपिः निम्न की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. निदेशक मा0शि0 उत्तराखण्ड देहरादून/सभापति उ0वि0शि0प0 रामनगर (नैनीताल)।
2. निदेशक जनजाति कल्याण उत्तराखण्ड देहरादून।
3. मुख्य शिक्षा अधिकारी समस्त जनपद उत्तराखण्ड।
4. राज्य समन्वयक ई0एम0आर0एस0 सेल उत्तराखण्ड देहरादून।
5. प्राचार्य ए0आ0आ0वि0 कालसी/मेहरवाना/बाजपुर/खटीमा।
6. सम्पादक, अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, उत्तर उजाला एवं राष्ट्रीय सहारा को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को 08X08 से0मी0 के साइज में शासकीय दरों पर अपने समाचार पत्रों के ऐसे पृष्ठ पर प्रकाशित करने का कष्ट करें जिसका प्रचार–प्रसार सम्पूर्ण उत्तराखण्ड में हो। बिल भुगतान हेतु समाचार पत्र की प्रति के साथ दो प्रतियों में जिला सूचना अधिकारी से सत्यापित कराने के बाद इस कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे।

17/4/2025

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

Scanned with OKEN Scanner